**प्रादेशिक समाचार**

**दिनांक–13.10.2024 (संध्या 1900 बजे)**

**मुख्य समाचार**

1. **प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने पीएम गतिशक्ति राष्ट्रीय मास्टर प्लान के तीन वर्ष पूरे होने की सराहना की, कहा–योजना से भारत के आधारभूत ढांचे में बदलाव और सम्पर्क में हो रही वृद्धि।**
2. **विधानसभा चुनाव को लेकर हलचल तेज, प्रत्याशी चयन और सीट शेयरिंग पर मंथन जारी, रांची में कल भाजपा की महत्वपूर्ण बैठक।**
3. **प्रदेश भाजपा अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने बालू के मुद्दे पर हेमंत सरकार पर साधा निशाना, सरकार गठन पर लोगों को मुफ्त बालू उपलब्ध कराने का दोहराया संकल्प।**
4. **रांची समेत राज्य के कई इलाकों में हर्ष और उल्लास के बीच निकाला जा रहा है मां दुर्गे का विसर्जन जुलूस, कड़ी सुरक्षा के बीच श्रद्धालु भक्ति भाव के साथ कर रहे हैं प्रतिमा का विसर्जन।**
5. **मौसम विभाग का पूर्वानुमान 15, 16 और 17 अक्टूबर को हल्के से मध्यम दर्जे की बारिश की संभावना।**

***************

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने प्रधानमंत्री गतिशक्ति राष्ट्रीय मास्टर प्लान के तीन वर्ष पूरे होने की सराहना करते हुए कहा है कि इस योजना से भारत के आधारभूत ढांचे में बदलाव और सम्पर्क में वृद्धि हो रही है, जिससे विकसित भारत की परिकल्पना साकार हो रही है। एक सोशल मीडिया पोस्ट में श्री मोदी ने कहा कि गतिशक्ति ने मल्टी मॉडल कनेक्टिविटी में महत्वपूर्ण वृद्धि की है और विभिन्न क्षेत्रों के तीव्र तथा कारगर विकास को सुनिश्चित किया है। उन्होंने कहा कि विभिन्न हितधारकों के एकीकरण से संभार–तंत्र मजबूत हुआ है, विलम्ब में कमी आई है और बहुत से लोगों के लिए नये अवसरों का सृजन हुआ है।

***************

विधानसभा चुनाव की तैयारी को लेकर सभी राजनीतिक दलों की बैठकों का दौर जारी है। भाजपा ने कल रांची में महत्वपूर्ण बैठक बुलायी है, जिसमें प्रदेश चुनाव सह प्रभारी हिमंत बिस्वा सरमा के भी शामिल होने की संभावना है। प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी की अध्यक्षता में होनेवाली इस बैठक में पदाधिकारी और मोर्चा तथा जिलाध्यक्ष भी हिस्सा लेंगे। अन्य दलों में भी विधानसभा चुनाव को लेकर मंथन जारी है। सभी राजनीतिक दलों का फिलहाल प्रत्याशी चयन और सीट शेयरिंग प्रमुख एजेंडा है। सीट शेयरिंग को लेकर इंडी गठबंधन की भी जल्द बैठक होगी।

***************

झारखंड मुक्ति मोर्चा की केंद्रीय समिति की कल बैठक बुलाई गयी है। बैठक की अध्यक्षता पार्टी के कार्यकारी अध्यक्ष हेमंत सोरेन करेंगे। झारखंड मुक्ति मोर्चा के केंद्रीय महासचिव विनोद पांडेय ने बताया कि बैठक में केंद्रीय समिति के सदस्यों के साथ–साथ सभी जिलों के जिला अध्यक्ष और जिला सचिव भी भाग लेंगे। उन्होंने कहा कि बैठक में विधानसभा चुनाव की रणनीति तैयार की जाएगी।

***************

इस बीच कांग्रेस के वरिष्ठ नेता राहुल गांधी के भी इस महीने झारखंड के दौरे पर आने की संभावना है। पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष केशव महतो कमलेश ने बताया कि राहुल गांधी इस क्रम में विभिन्न सामुदायिक संगठनों के साथ बैठक करेंगे।

***************

हजारीबाग के सांसद मनीष जायसवाल भी विधानसभा चुनाव की तैयारी में जुटे हैं।

***************

प्रदेश भाजपा अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने बालू के मुद्दे पर हेमंत सरकार पर निशाना साधा है। उन्होंने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में कहा है कि हेमंत सोरेन मुख्यमंत्री बनने के बाद राज्य के सभी बालू घाटों की नीलामी कर दिल्ली–मुम्बई के ठेकेदारों के हवाले कर दिया और अपने परिवार के लोगों को पार्टनर बना दिया। श्री मरांडी ने कहा कि बालू आम लोगों की पहुंच के बाहर निकल गया है और अपना घर बनाने का सपना, सपना ही रह गया है। उन्होंने सरकार गठन पर लोगों को मुफ्त बालू उपलब्ध कराने का संकल्प दोहराया।

***************

केन्द्रीय मंत्री अन्नपूर्णा देवी ने आज गया से खुलकर कोडरमा के रास्ते मुंबई जाने वाली गया–लोकमान्य तिलक टर्मिनस एक्सप्रेस को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस मौके पर मंत्री अन्नपूर्णा देवी ने कहा कि इस त्योहारी सीजन में रेल मंत्रालय ने यहाँ के लोगों को इस ट्रेन के रूप में खास सौगात दी है। इस मौके पर विधायक डॉ नीरा यादव और धनबाद रेल मंडल के डीआरएम समेत अन्य अधिकारी भी मौजूद थे।

उधर साहिबगंज जिले के राजमहल से तीनपहाड़ के बीच चलनेवाली टीआर पैसेंजर ट्रेन का आज से स्थानीय मुरलीहॉल्ट स्टेशन पर भी ठहराव शुरू हो गया। राजमहल विधायक अनंत कुमार ओझा ने ठहराव के बाद ट्रेन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

***************

रांची समेत राज्यभर में दुर्गा पूजा और दशहरा का त्यौहार संपन्न हो गया। आज विभिन्न जगहों पर विसर्जन जुलूस निकाला जा रहा है। भक्ति–भाव में जुटे श्रद्धालु नाचते–गाते नदी और सरोवर पहुंच रहे हैं और पूजा अर्चना के बाद मां दुर्गे की प्रतिमा को विसर्जित कर रहे हैं। विसर्जन जुलूस को लेकर पुलिस प्रशासन की ओर से सुरक्षा के व्यापक प्रबंध किये गये हैं।

***************

राज्य में 15, 16 और 17 अक्टूबर को हल्के से मध्यम दर्जे की बारिश की संभावना है। मौसम वैज्ञानिक अभिषेक आनंद ने बताया कि आज और कल आकाश मुख्यतः साफ रहेगा और मौसम के शुष्क बने रहने के आसार हैं, लेकिन उसके बाद तीन दिनों के दौरान बारिश का पूर्वानुमान है। राज्य में अगले 4 दिनों के दौरान अधिकतम तापमान में किसी बड़े बदलाव की उम्मीद कम है। इधर मानसून की वापसी के लिए भी राज्य में अनुकूल स्थिति बनी हुई है।

********समाप्त********